# जनपद न्यायालय, वाराणसी।

## नीलामी आदेश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय परिसर व जिला जज के आवासीय परिसर में काफी मात्रा में लकड़ी व लोहे की निष्प्रयोज्य समानो जैसे कुर्सियॉ, टेबुल, आदि की नीलामी हेतु मुहरबंद निविदायें दिनांक 17.10.2023 को समय 12:00 बजे से सांय 4:00 बजे के बीच दीवानी न्यायालय, वाराणसी के मनोरंजन कक्ष में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा गठित समिति के द्वारा खोली जायेंगी।

नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति नियमों एवं शर्तों की जानकारी दीवानी न्यायालय, वाराणसी के नोटिस बोर्ड अथवा नजारत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। निष्प्रयोज्य लकड़ी की सामग्रियों हेतु न्यूनतम दर मु0 708 रूपये प्रति क्विन्टल तथा लोहे की सामग्रियों हेतु न्यूनतम दर मु0 4307 रूपये प्रति क्विन्टल (सभी कर सहित) निश्चित की गयी है।

सभी प्रकार से भरे हुए आवेदन पत्र (मुहरबंद निविदायें) मय धरोहर धनराशि मु0 5,000/– रूपये नकद अथवा ड्राफ्ट सहित दिनांक 16.10.2023 तक नजारत कार्यालय में सायं 05:00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त करा दिये जाये। इसके पश्चात कोई आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।

किसी भी निविदा को स्वीकृत करने या अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय को होगा।

इस नोटिस को जनपद न्यायालय वाराणसी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाये एवं इसकी सूचना न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाये।

(संजीव कुमार सिन्हा)
अध्यक्ष–नीलामी समिति
जनपद न्यायालय, वाराणसी

**प्रतिलिपि प्रेषितः–**

1. प्रति माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
2. प्रति कम्प्यूटर अनुभाग को न्यायालय के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. प्रति आयुक्त, वाराणसी के नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु।
4. प्रति जिलाधिकारी, वाराणसी के नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु।

04/10/23

(संजीव कुमार सिन्हा)
अध्यक्ष–नीलामी समिति
जनपद न्यायालय, वाराणसी